


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 29 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 205 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## प्रधानमंत्री ने गंगा एक्सप्रेसवे का किया लोकार्पण, सीएम भी रहे मौजूद

**नई दिल्ली/हरदोई।** पीएम नरेन्द्र मोदी बुधवार यानी आज प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। हरदोई के मल्लावां में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री 36,230 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस महत्वाकांक्षी परियोजना का लोकार्पण किया। एक लाख से ज्यादा लोग इसके साक्षी बने। इस दौरान सीएम योगी भी मंच पर मौजूद रहे। गंगा एक्सप्रेसवे न केवल प्रदेश के 12 जिलों और 519 गांवों को आपस में जोड़ेगा, बल्कि 12 औद्योगिक गलियारों (इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लाजिस्टिक क्लस्टर) के जरिये यूपी की अर्थव्यवस्था की धुरी साबित होगा।

## एक माओवादी ढेर, 1 करोड़ के इनामी की तलाश में चल रहा ऑपरेशन

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला के टोंटो-गोइलकेरा क्षेत्र के घने जंगलों में चल रहे अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। बटालियन के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। घटनास्थल से शव के साथ हथियार और अन्य संदिग्ध सामग्री भी बरामद की गई है, जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। यह अभियान विशेष रूप से एक करोड़ के इनामी माओवादी नेता मिसिर बेसरा की तलाश में तेज किया गया था। बुधवार तड़के करीब साढ़े चार बजे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों का माओवादियों से आमना-सामना हो गया, जिसके बाद दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई।

## दूषित खाने से छात्रा की मौत का मामला : धरना आज भी जारी

**लखनऊ।** बाबासाहब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी में इंटीग्रेटेड बेसिक साइंस की फर्स्ट ईयर स्टूडेंट अनामिका सिंह की मंगलवार देर शाम मौत हो गई। इससे गुस्साए स्टूडेंट्स कुलपति आवास का घेराव कर हंगामा कर रहे हैं। यह धरना प्रदर्शन कल रात से ही चल रहा है। आरोप लगाया कि यशोदा हॉस्टल का दूषित खाना खाने से छात्रा बीमार हुई थी, जिसके बाद उसकी मौत हुई। मौके पर भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी भी मौजूद हैं। छात्र कुलपति से मिलने की मांग पर अड़े हैं। छात्रावास के दोस्तों को बताया था कि डॉक्टर ने बीमार होने का कारण फूड पॉइजनिंग बताया था। इलाज चल रहा था कि मंगलवार देर शाम मौत हो गई।

## शेयर मार्केट में आया उछाल डॉलर के मुकाबले रुपया पस्त

**नई दिल्ली।** रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में 13 पैसे टूटकर 94.81 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और महीने के अंत में डॉलर की मांग में वृद्धि के साथ-साथ सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर व्यापक रुझान ने निवेशकों के विश्वास को प्रभावित किया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.79 पर खुला।

# हिंसा के बीच बंगाल में वोटिंग

## छह घंटे में 61 प्रतिशत ज्यादा मतदान, सुबह से ही लग गयी कतार



**● कई जगहों पर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में तीखी झड़प,**

**● हुगली में पोस्टर को लेकर बवाल, शुभेंदु अधिकारी से भी हाथापाई**

**● कोलकाता में सीआरपीएफ ने किया लाठी चार्ज**

**● डायमंड हार्बर के फाल्टा में ईवीएम में भाजपा का बटन टेप लगाकर ब्लाक करने का आरोप**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए बुधवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है. दूसरे चरण में सात जिलों की 142 विधानसभा सीटों पर कुल 3,21,73,837 मतदाताओं को वोट डालना था। इनमें 1,64,35,627 पुरुष, 1,57,37,418 महिलाएं और 792 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए 41,001 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां हर बूथ की वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2,321 कंपनियां केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनात किया गया है. कोलकाता में सबसे अधिक 273 कंपनियां लगाई गई हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच नादिया, हावड़ा और दक्षिण 24 परगना समेत कई जगह हिंसक झड़पें हुई हैं। कई जगहों से हिंसक झड़प की खबर सामने आई है। भाजपा उम्मीदवार के गाड़ी पर भी हमला हुआ बताया जा रहा है। दक्षिण 24 परगना के बसंती क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार विकास सरदार को निशाना बनाते हुए हमला किया गया, तो पानीहाटी में भाजपा-टीएमसी समर्थकों के बीच हाथापाई की जानकारी है। जानकारी के अनुसार, बसंती में भाजपा उम्मीदवार की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई, जिससे वहां तनाव की स्थिति बनी। यह घटना बूथ नंबर 76 पर हुई, जहां भाजपा उम्मीदवार विकास सरदार पर बूथ का दौरा करते समय कथित तौर पर हमला किया गया। सूत्रों के अनुसार, जब उम्मीदवार पोलिंग बूथ का मुआयना करने गए, तो कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। वहीं, हुगली जिले के रामचंद्रपुर बूथ नंबर 147 में टीएमसी और आईएसएफ समर्थकों के बीच झड़प हो गई। दरअसल, फर्जी मतदान एजेंटों की नियुक्ति के आरोपों को लेकर तनाव बढ़ने पर हुई। हुगली-चुचुड़ा में सड़क किनारे लगे तृणमूल के कई चुनावी बैनरों को हटाने पर बवाल हुआ। वहीं, बूथ नंबर 27, 28 और 29 पर वोटर लिस्ट फाड़ने को लेकर विवाद हो गया। कथित तौर पर केंद्रीय बलों के कुछ जवानों को तृणमूल के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने वहां से भगाने की कोशिश की। इसके अलावा, पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र के बूथ 145 पर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झगड़ा हो गया। वोटिंग के दौरान यह झगड़ा काफी देर चला, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभाला और स्थिति पर नियंत्रण पाने की कोशिश की। भवानीपुर में बीजेपी प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी और टीएमसी वर्कर्स के बीच झड़प की जानकारी सामने आयी। हालांकि, सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाल लिया है और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्के बल का प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज किया। वहीं, इस बारे में शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया से कहा कि मैं बूथ का दौरा कर रहा हूं। ये मतदाता नहीं बल्कि बाहरी लोग हैं। पानिहाटी में बीजेपी उम्मीदवार और आरजी कर मेडिकल कॉलेज रेप और मर्डर पीड़िता की मां को टीएमसी वर्कर्स द्वारा घेरे जाने की घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़िता के पिता सेखररंजन देबनाथ ने कहा, 'जब हम रास्ते से गुजर रहे थे, तब टीएमसी गुंडे मोटरसाइकिल पर मौजूद थे। उन्होंने हम पर नारेबाजी भी की. उन्होंने और भी कई टीएमसी गुंडों को बुला लिया और हम पर हमला करने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें (टीएमसी कार्यकर्ताओं) वहां से नहीं हटाया, बल्कि हमें ही जगह छोड़ने को कहा। वो ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें हमसे डर लगता है। वहीं भाजपा ने आरोप लगाया है कि डायमंड हार्बर के फाल्टा में EVM में BJP का बटन टेप लगाकर ब्लॉक किया गया है। इलेक्शन कमीशन के सूत्रों ने कहा कि अगर शिकायत सही पाई गई तो फिर से मतदान कराया जाएगा। फाल्टा में सुरक्षाकर्मियों ने हंगामा कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज किया। साउथ 24 परगना जिले में BJP उम्मीदवार विकास सरदार ने TMC के गुंडों पर उनकी कार का शीशा तोड़ने का आरोप लगाया। उनके सुरक्षाकर्मी की बंदूक छीनने की कोशिश भी की गई। 4 मई को नतीजे आएंगे और वो नतीजे तय करेंगे कि सत्ता में वापसी होगी ममता बनर्जी की या फिर सत्ता परिवर्तन होगा। बीजेपी ने अपने बड़े-बड़े धुरंधरों को मैदान में उतारा जिसमें योगी आदित्यनाथ से लेकर अमित शाह को सब ने देखा और इन नेताओं की बयानबाजी ने कैसे महिलाओं पर इंपैक्ट डाला है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पोलिंग बूथ के बाहर भी लंबी-लंबी कतारें हैं। योगी की रैली, अमित शाह की हुंकार और पीएम मोदी की बंगाल के जनता को लिखी गई चिट्ठी ने इस चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग हो रही है। सुबह 9 बजे तक ही 18.39 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी थी। मतदान के लिए सुबह 5.30 बजे से ही लोग बूथों पर पहुंचने लगे थे। ज्यादातर बूथों पर महिलाओं की लंबी लाइन लगी रही।

## ईरान ने संयुक्त राष्ट्र से की अमेरिका की शिकायत

**● दो जहाजों सहित 38 लाख बैरल तेल जबरन कब्जे में लेने का लगाया आरोप**



**तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने अमेरिका के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में शिकायत की है। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक चिट्ठी में ईरान ने अमेरिका पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ईरान का कहना है कि अमेरिका ने उसके जहाजों को जब्त करके 'समुद्री डकैती' की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने कहा कि अमेरिका ने 'मैजेस्टिक' और 'टिफनी' नाम के जहाजों को कब्जे में लिया और लगभग 38 लाख बैरल ईरानी तेल भी जब्त कर लिया। उनके मुताबिक यह कदम गैरकानूनी है और यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दखल देने जैसा है। ईरान का आरोप है कि अमेरिका की यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और समुद्र से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करती है। इरावानी ने यह भी कहा कि अगर ऐसे कदमों को रोका नहीं गया, तो यह एक खतरनाक उदाहरण बन सकता है, जिससे पूरी दुनिया में कानून व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मांग की है कि वह अमेरिका के इस कदम की निंदा करे और इस मुद्दे पर कार्रवाई करे।

## नौ मंजिली इमारत में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के वैभव खंड (इंद्रापुरम) स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसाइटी में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक ऊंची इमारत की 9वीं मंजिल पर भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया और टावर की कम से कम 7 मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है, लेकिन सोसाइटी के बुनियादी ढांचे और संकरी गलियों ने दमकलकर्मियों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। लगातार प्रयासों के बावजूद, दमकलकर्मी ढाई घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के बाद भी स्थिति को काबू में नहीं ला पाए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राहत और बचाव कार्य पूरी तत्परता के साथ चलाए जाएं।




## मानहानि के केस में 90 साल की महिला का सेटलमेंट से इनकार अब 2046 के बाद होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मंगलवार को दक्षिण मुंबई की एक हाउसिंग सोसाइटी की मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों के खिलाफ 20 करोड़ रुपये के मानहानि के मुकदमे की सुनवाई 2046 तक के लिए टाल दी। यह मुकदमा एक 90 वर्षीया बुजुर्ग महिला और उनकी बेटी द्वारा दायर किया गया है। दस साल पहले सोसाइटी में मरम्मत और रखरखाव के लिए फंड जमा करने को लेकर विवाद हुआ था। सोसाइटी की बैठक में इस महिला को डिफॉल्टर बताया गया, जिसके बाद महिला ने मानहानि का मुकदमा दायर कर दिया। 20 अप्रैल को बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा था कि मामले को आसानी से सुलझाया जा सकता है, अगर प्रतिवादी (डिफेंडेंट्स) बिना शर्त माफी मांग लें। मंगलवार को जब मामला सुनवाई के लिए आया, तो 90 वर्षीया महिला ने समझौता करने से साफ इनकार कर दिया। जिसके बाद मानहानि के इस मुकदमे की सुनवाई 2046 तक के लिए टाल दी।

## हेट स्पीच पर पहले से ही कानून मौजूद है तो नई गाइडलाइन बनाने का क्या मतलब?

**● किसी भी अपराध के लिए सज़ा तय करना विधायिका के अधिकार में**

### सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि, हेट स्पीच के अपराध से निपटने के लिए मौजूदा कानून काफी हैं। इसमें कोई कानूनी खालीपन नहीं है, जिसके लिए कोर्ट को दखल देने की जरूरत हो। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि, किसी अपराध के लिए सजा तय करना पूरी तरह से विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। फैसला सुनाते हुए जस्टिस नाथ ने आगे कहा,



'शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत पर आधारित संवैधानिक व्यवस्था न्यायपालिका को न्यायिक निर्देशों के जरिए, नए अपराध बनाने या आपराधिक दायित्व के दायरे को बढ़ाने की इजाजत नहीं देती है।' कोर्ट ने आगे कहा कि, याचिका कर्ताओं की शिकायत कानून की कमी से नहीं, बल्कि उसके लागू न होने की कमी से है। बेंच ने मौजूदा आपराधिक कानून का जिक्र किया और कहा कि यह हेट स्पीच के अपराध से भी निपटता है। मालूम हो कि बेंच उन याचिकाओं के समूह पर फैसला सुना रही थी। जिनमें हेट स्पीच के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए निर्देश और गाइडलाइंस की मांग की गई थी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 42.5⁰C
● तापमान न्यूनतम : 23.0⁰C
● सूर्योदय : 05.26
● सूर्यास्त : 06.27
वाराणसी, 29 अप्रैल, बुधवार, 2026 (3)






प्रधानमंत्री के वाराणसी आगमन पर बाबा विश्वनाथ के दरबार में डमरू व त्रिशूल देकर स्वागत करते शहर के मेयर अशोक तिवारी एवं मंत्री रविन्द्र जायसवाल (बाएं) व मंत्री अनिल राजभर (दाएं)।

# बरेका से बाबा धाम तक लहराया केसरिया

## पीएम के स्वागत में बिछ गए भाजपाई, ढोल नगाड़ा और शंख की ध्वनि से गूंजा शहर







- काफिले के स्वागत में जगह-जगह पुष्पवर्षा, बच्चों ने किया डांस, महिलाओं ने गाए मंगलगीत
- बाबा दरबार में पीएम ने किया दर्शन-पूजन, लहराया त्रिशूल, एक झलक पाने के लिए लगी रही होड़
- लहुराबीर पर एनसीसी कैडेट्स के साथ भाजपाइयों ने किया अभिनंदन

**वाराणसी।** बरेका से ही काशी विश्वनाथ मंदिर मार्ग पर प्रधानमंत्री का रोड शो शुरू हो गया। भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़े, शंखनाद के साथ गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर पीएम का स्वागत कर रहे थे। पीएम के रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर डांस करते नजर आए। प्रधानमंत्री का जगह-जगह स्वागत किया गया। काफिले पर फूल बरसाए गए। पीएम ने हाथ हिलाकर अभिवादन किया। लहुराबीर चौराह पर प्रधानमंत्री मोदी का एनसीसी कैडेट्स व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लोगों



में काफी उत्साह दिखा। ढोल-नगाड़े और शंखनाद से पूरा शहर गूंज उठा। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए बने प्वॉइंट पर कई छात्र-छात्राएं भी पहुंचे। इनके हाथ में पीएम के लिए कुछ संदेश वाला पोस्टर दिखा। बच्चों ने कहा पीएम मोदी को देने के लिए छोटा सा गिफ्ट लेकर आए हैं। पीएम मोदी का काफिला मंडुवाडीह, पुलिस लाइन, लहुराबीर, मैदागिन, चौक से होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचा। बाबा दरब-ाार पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। उन्होंने गर्भगृह में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की। पांच पंडितों ने उन्हें पूजा कराई, माला पहनाई और त्रिपुंड लगाया। पीएम मंदिर से बाहर निकले तो भाजपा नेताओं ने उन्हें त्रिशूल और डमरू भेंट किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने त्रिशूल उठाकर लहराया। पांच ब्राह्मणों ने पीएम मोदी को षोडशोपचार पूजा कराई। पीएम मोदी ने दूसरी बार विश्वनाथ मंदिर में त्रिशूल और डमरू दिखाकर बाबा के भक्तों का अभिवादन किया। पीएम 14 किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंचे थे। गेट पर 108 बटुकों ने शंखनाद के साथ उनका स्वागत किया। मंदिर में पीएम बच्चों से भी मिले और उनसे बातचीत की। इस दौरान भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। छह स्थानों पर पीएम का स्वागत किया गया। वहीं मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पीएम मोदी काशी विश्वनाथ धाम परिसर में गाड़ी से उतरे तो डमरूओं के निनाद से उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर बाबा के भक्तों का अभिवादन स्वीकार किया। पुलिस लाइन मार्ग पर स्थानीय लोग अपने घरों की बालकनी और खिड़कियों से पीएम को देखने के लिए व्याकुल हैं। यहां करीब दो घंटे से लोग पीएम मोदी का इंतजार कर रहे हैं। काशी से पीएम हरदोई के लिए रवाना हो गए हैं। वहां गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस-वे मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा।

## भाजपा के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विंध्याचल में टेका मत्था



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन बुधवार सुबह 8:30 बजे माँ विंध्यवासिनी धाम, विंध्याचल पहुंचे। कुल पुरोहित आचार्य अगस्त्य कुमार द्विवेदी ने विधि-विधान से दर्शन-पूजन कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली तीर्थ यात्रा थी। उन्होंने माँ के चरणों में राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति, विकास, सनातन धर्म की रक्षा और भाजपा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। मीडिया से बातचीत में कहा- 'माँ के दर्शन से ऊर्जा मिलती है। नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने होटल रत्नाकर में माँ की चुनरी व रक्षा सूत्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मझवां विधायक सुचिश्मिता मौर्य, मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से संवाद में कहा, 'माँ विंध्यवासिनी के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति की रक्षा और संगठन को अजेय बनाएंगे।


**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com


## सनातनी समाज ने बाजीराव पेशवा की पुण्यतिथि मनाई

- वाराणसी में प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सनातनी समाज द्वारा गंगातीरे बाजी-राव घाट पर भारत के महानतम सेनानायक रहे महाबली पं.बाजीराव पेशवा की 286वीं पुण्यतिथि श्रद्धापुर्वक भावपूर्ण ढंग से मनायी गयी। उनके चित्र पर नैवेद्य चढाते हुए माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुये पं.अपूर्व नारायण तिवारी ने कहा कि महज चालीस वर्ष की आयु में । असामयिक निधन होने से पूर्व बाजीराव पेशवा ने कुल 42 युद्ध लड़े . थे और सभी में जीत पायी थी। काशी में बाजीराव घाट, दत्तात्रेय मंदिर और तमाम मंदिरों का निर्माण और सरंक्षण इनके द्वारा किया गया था। सनातनी समाज द्वारा काशी में बाजीराव पेशवा की भव्य प्रतिमा स्थापित किये जाने की केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की गयी । उपस्थित लोगों में पंडित एस.एन.पांडेय, गोविंद भोंसले,रतन गुरु, राहुल शाह, सारंगधर इस्सर, मुन्ना लाल साहनी आदि प्रमुख थे।

## कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल में अजय राय की गैरहाजिरी पर उठने लगे सवाल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** ऑल इंडिया यूनाइटेड विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के प्रदेश महासचिव डा. प्रमोद कुमार विश्वकर्मा ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में मनुवादी मानसिकता वाले नेता न्याय योद्धा राहुल गांधी के सपनों को चकनाचूर कर पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गाज़ीपुर में ओबीसी विश्वकर्मा समाज की बेटी के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अनुपस्थिति ने कांग्रेस के ओबीसी नेताओं के बीच कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि गाजीपुर में घटित निशा विश्वकर्मा की मौत प्रकरण में दूरी बनाकर और मौन साधकर उत्तर प्रदेश प्रभारी महासचिव अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना ने यह साबित कर दिया कि इनकी मानसिकता आज भी मनुवादी विचारधारा वाली है।

## निशा को इंसाफ मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष



- मौजूदा सरकार में लोकतंत्र पर संकट के बादल

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं की नजरबंदी और गिरफ्तारी की घटना का मुंह पर काली पट्टी बांधकर सरकार के दमनकारी रवैया का विरोध जताते हुए कहा है कि सरकार विपक्ष और न्याय की आवाज को बलपूर्वक दबा रही है। मौजूदा सरकार में लोकतंत्र और सामाजिक सुरक्षा खतरे में है। गाजीपुर में निशा विश्वकर्मा की मौत प्रकरण में सरकार ने घटना की सीबीआई से न्यायिक जांच कराने के बजाय परिजनों के इंसाफ की आवाज को लालच और मदद की राजनीति करके दबा रही है। उन्होंने कहा निशा विश्वकर्मा को इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर डा.प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, दीनदयाल विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, कैलाश विश्वकर्मा दीप विश्वकर्मा उपस्थित थे।

## कारोबारी की हत्या करने वाले फरार हत्यारों पर 25 हजार का ईनाम

**वाराणसी।** वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र निवासी व्यापारी मनीष सिंह की मामूली विवाद में पीट-पीटकर हत्या किए जाने मामले में पुलिस ने चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष पांच प्रमुख आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे हैं, जिनकी तलाश में दबिशें दी जा रही है। वारदात के बाद पुलिस के खिलाफ बढ़ते आक्रोश के बीच जमकर किरकिरी भी हो रही है। वारदात में शामिल सभी फरार 5 आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। इनके परिजनों और करीबियों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। फूलपुर पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी मनोज प्रजापति, हरिश्चन्द्र राजभर, योगेन्द्र प्रजापति अभिषेक उर्फ बुद्धू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।




## प्रयागराज समाचार

### भीषण गर्मी का कहर, 44°C के पार तापमान



**प्रयागराज।** अप्रैल के आखिरी दिनों में गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई है। हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले एक हफ्ते से तापमान लगातार 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। सुबह से ही तेज धूप निकल जाती है, जो दोपहर तक और ज्यादा तपने लगती है। इस भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन काफी प्रभावित कर दिया है। कड़ी धूप और लू के कारण सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। लोग जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। इंसानों के साथ-साथ जानवर भी इस तेज गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। जो लोग बाहर निकलते भी हैं, वे खुद को बचाने के लिए गमछा, टोपी और छाते का सहारा ले रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी तेजी से बढ़ गई है। जूस, शिकंजी और नारियल पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। इसी बीच जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने चेतावनी जारी करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी स्कूलों को दोपहर 12 बजे तक बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और खासतौर पर दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच बाहर जाने से बचें। स्वास्थ्य व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल स्वरूपरानी में हीट स्ट्रोक से निपटने के लिए इमरजेंसी वार्ड तैयार किया गया है।

## जौनपुर समाचार

### मड़ियाहूं में नहर में मिला युवक का शव

**जौनपुर।** मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के कनावा नहर में पुलिया के नीचे मंगलवार देर शाम एक 40 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों ने नहर में पुलिया के नीचे शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान जटाशंकर सरोज (40) पुत्र अमरनाथ सरोज निवासी बिठौली, थाना हंडिया, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई।बता दें कि जटाशंकर सरोज मड़ियाहूं क्षेत्र के रानीपुर गांव में अपनी बहन के घर 26 अप्रैल को एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। परिजनों के अनुसार वह मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे।

## सुल्तानपुर समाचार

### लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या



**सुल्तानपुर।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव में ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि भ्रष्टाचार की जांच कराने की रंजिश में मंगलवार शाम युवक पर लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। भिटौरा निवासी 28 वर्षीय जसवंत सिंह शाम करीब सात बजे बाजार से सब्जी लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह भिटौरा इंटर कॉलेज के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल जसवंत मौके पर ही गिर पड़े। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ ले गए, जहां हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई बलवंत सिंह ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान के खिलाफ कराई जा रही जांच से नाराज होकर घटना को अंजाम दिया गया। एएसपी बीएन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।


## बलिया समाचार

### बलिया स्टेशन पर वकील की बिगड़ी तबीयत, मौत

**बलिया।** रेलवे स्टेशन पर एक लर्निंग अधिवक्ता की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। जीआरपी जवानों और अन्य लोगों ने उन्हें सीपीआर दिया और अस्पताल भी ले गए, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। क्रिमिनल एंड रिवेन्यू बार एसोसिएशन ने रेलवे पुलिस पर समय पर इलाज न मिलने का गंभीर आरोप लगाया है। उपाध्यायपुर, सुरेमनपुर निवासी लर्निंग अधिवक्ता प्रशांत कुमार मंगलवार शाम को न्यायालय का काम निपटाकर अपने घर सुरेमनपुर जाने के लिए बलिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-4 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान वे अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिवक्ता और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची।

## चंदौली समाचार

### शादी समारोह में जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



**ताराजीवनपुर।** अलीनगर के कुछमन गांव के पास सोमवार की रात में सड़क हादसे में बाइक सवार विशाल राजभर (19) निवासी सकलडीहा तेंदुईपुर की मौत हो गई। वहीं, उनके दोस्त विष्णु सोनकर (18) घायल हो गए। दोनों युवक पीडीडीयू नगर में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। मंगलवार की सुबह सूचना मिलने के बाद पुलिस ने युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सकलडीहा के तेंदुईपुर गांव निवासी विशाल राजभर अपने साथी विष्णु सोनकर के साथ बाइक से पीडीडीयू नगर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। कुछमन रेलवे फाटक के पास मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रैक के स्लीपर से जा भिड़ी। हादसे में बाइक चला रहा विशाल उछलकर पटरी पर जा गिरा। इससे उसके सिर में चोट लग गई। वहीं, पीछे बैठा विष्णु घायल हो गया। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सकलडीहा सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने विशाल की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, विष्णु सोनकर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजन पहले तो मृतक के शव को घर लेकर चले आए लेकिन बाद में लोगों के समझाने पर पुलिस को सूचित किया।

## मऊ समाचार

### नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी से घायल मजदूर की मौत

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआ गोदाम के पास बीते रविवार को नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी की चपेट में आकर घायल हुए गाजीपुर जनपद के नोनहरा थाना क्षेत्र के कमचौरा चंद्रमल निवासी रामविलास राम (50) की मंगलवार को शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतक के भाई दुखरन राम की तहरीर पर पुलिस ने कूड़ा गाड़ी के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक मऊ शहर में रहकर मजदूरी करता था। बीते रविवार की सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने गांव से मऊ की ओर आ रहा था। जैसे ही वह बढ़ुआ गोदाम के पास पहुंचा, तभी नगर पालिका की कूड़ा गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। मंगलवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कर की समीक्षा



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्यस्थल पर पहुँचाने हेतु साधन उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत के लिए मजदूर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था, बाढ़ निरोधक कार्यों की सुरक्षार्थ आवश्यकता पड़ने पर पी०ए०सी०, पुलिस या होमगार्डस द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध, शहरो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थलों पर जहाँ रात्रि में भी कार्य करने की आवश्यकता हो, वहाँ बिजली का उचित प्रबन्ध, जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने के लिये पम्पों, डीजल और बिजली इत्यादि की समुचित व्यवस्था, राहत कार्यों से सम्बन्धित विभागों/संस्थानों के समन्वय कर व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्रो में पर्याप्त नाव की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित को आवष्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा वर्षा से पूर्व सभी के टीकाकरण शत– प्रतिशत पशुओं को लगवाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस सहित सभी व्यवस्थाए कराना सुनिश्चित करेंगे।

## भदोही समाचार

### सड़क किनारे मिला दो दिन से लापता महिला का शव

**भदोही।** कंधरापुर थाना क्षेत्र के मल्लूपुर गांव के पास सोमवार की शाम दो दिन से लापता एक वृद्ध महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कंधरापुर थाना क्षेत्र के बर्जी गांव निवासी शिवबली राय ने बताया कि उनकी पत्नी राधिका राय 70 की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

वह दो दिन पूर्व घर से निकल गई थीं, जिसके बाद परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। काफी खोजबीन के बाद थाने में गुमशुदगी की तहरीर दी थी। सोमवार को घर से करीब पांच किलोमीटर दूर मल्लूपुर गांव के भलुवाई मार्ग पर सड़क किनारे महिला का शव मिला। शव की पहचान राधिका राय के रूप में की गई। कंधरापुर थाना प्रभारी अनुराग कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गाजीपुर समाचार

### कटरिया में पुलिस का सख्त पहरा, गलियों में सन्नाटा, आईडी दिखाने पर ही गांव में मिल रहा प्रवेश



**गाजीपुर।** करंडा थाना क्षेत्र के कटरिया गांव में 15 अप्रैल को किशोरी निशा विश्वकर्मा की मौत और 22 अप्रैल को सपा के प्रतिनिधि मंडल व ग्रामीणों के बीच हुए पथराव के एक सप्ताह बाद भी हालात तनावपूर्ण हैं। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। बिना पहचान पत्र दिखाए गांव में किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा है। इधर, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का किशोरी के परिजनों से मिलने का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निजी सचिव गंगाराम की ओर से पत्र जारी किया गया। इसकी पुष्टि सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने की है। वहीं, दिन में करीब 11 बजे समाजवादी पार्टी का 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा और पंचायत भवन में करीब दस मिनट तक किशोरी के परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। परिजनों से घटना की जानकारी ली गई। पूर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सदर विधायक जै किशन साहू, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा राजभर और रीता विश्वकर्मा शामिल रहीं। प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान डीआईजी वाराणसी परिक्षेत्र वैभव कृष्ण, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और एसपी डॉ. ईरज राजा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## देवरिया समाचार

### महाराष्ट्र हादसे में मजदूर की मौत, शव गांव लाए जाते ही मची चीख-पुकार

**बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के नौतन गांव निवासी एक मजदूर की महाराष्ट्र के पुणे शहर में हुए एक हादसे में मौत हो गई थी। मंगलवार की शाम को उसका शव एंबुलेंस से गांव लाया गया तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। थाना क्षेत्र के नौतन निवासी सोहन बांसफोर का 22 वर्षीय पुत्र व्यास बांसफोर महाराष्ट्र के पुणे में एक कंपनी में कार्य करता था। रविवार को ठेकेदार के साथ दो मजदूर टंकी पर रखा स्लैब उठा रहे थेए तभी टंकी से निकली जहरीली गैस से अचेत होकर गिर गए। तीनों का स्थानीय अस्पता ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया था। कंपनी के ही कुछ लोग शव को एंबुलेंस से लेकर मंगलवार को घर पहुंचे। व्यास दो भाइयों में बड़ा था और एक वर्ष पहले शादी हुई थी। घर में मां सरिता देवी, पत्नी अंजू और भाई क्यास का बुरा हाल है।

## सोनभद्र समाचार

### लू ( हीट स्ट्रोक ) से बचाव हेतु जनहित में जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी




**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों में तापमान 40 डीग्री से 42 डीग्री के आस पास दर्ज किया जा रहा है, जो कि अत्यधिक गर्मी को प्रदर्शित करता है और आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 45 डीग्री पहुँचने का अनुमान है। शरीर में पानी/नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके क्रम में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत हैं- लू (हीट स्ट्रोक) के लक्षण। गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना।

तेज पल्स होना, उथले श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिती।सिरदर्द, मितली, थकान, और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। लू (हीट स्ट्रोक) से बचने के उपाय। क्या करें स्थानिय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिती से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तब भी।

हल्के रगं के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्मे, छाता, गमछा, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाता का प्रयोग करें। दोपहर में घर से निकलते समय शरीर के अंगों को अधिक से अधिक ढककर रखें। सूती व खादी वस्त्र पहनें।

यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें।

कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। दोपहर 12 से 4 बजे घर के अंदर रहें। पशुओं को छाया में रखें व ताजा पानी दें। क्या न करें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। एल्कोहल, चाय व कॉफी से परहेज करें। बासी खाने से परहेज करें। जानवर एवं बच्चों को कभी भी बन्द/खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर में अतिरिक्त शारीरिक श्रम न करें। वाहनों को धूप में खड़ा न करें। धूप में नगें पॉव न रहें।

### हर घर नल जल योजना की जिलाधिकरी ने की बैठक

**सोनभद्र।** जनपद में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ एवं शिकायतमुक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर नल जल योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर से पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जहां कहीं भी पेयजल आपूर्ति में समस्या हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी भीषण गर्मी एवं मई माह को ध्यान में रखते हुए सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में निर्बाध, नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

## आजमगढ़ समाचार

### शादी समारोह के दौरान घराती- बराती के बीच जमकर हुई मारपीट, एक की मौत, तीन लोग घायल



**आजमगढ़।** जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर, अजमतगढ़ में आयोजित एक विवाह समारोह के दौरान जयमाल के समय कूलर की हवा को लेकर घराती-बाराती पक्ष में विवाद हो गया।

देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें चार लोग घायल हो गए और मऊ जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के चैनपुर बेल्थरी निवासी अमीरचंद (26) की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पर सीओ सगड़ी अनिल वर्मा व थाना प्रभारी जीयनपुर राजकुमार सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि विवाह समारोह में कूलर की हवा को लेकर हुए विवाद में मारपीट की घटना हुई, जिसमें चार लोग घायल हुए हैं और एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## गोरखपुर समाचार

### शादी के तीसरे दिन युवक ने जहर खाकर दी जान

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार में शादी के तीसरे दिन युवक के जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी का मामला सामने आया है। सोमवार की देर रात रुद्र नाथ जायसवाल उर्फ मिंशू (29) ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, पादरी बाजार निवासी रुद्र नाथ जायसवाल उर्फ मिंशू तीन भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर पर था। परिवार का पादरी बाजार चौराहे पर होटल (भोजनालय) का व्यवसाय है, जिसमें वह पिता और भाइयों के साथ हाथ बंटाता था। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार को उसकी शादी बड़े धूमधाम से हुई थी। बरात पादरी बाजार के ईस्टर्नपुर स्थित एक मैरिज हॉल से महराजगंज जिले के नौतनवां गई थी।



रविवार को दुल्हन की विदाई के बाद वह ससुराल आई थी। घर में शादी की खुशियां अभी खत्म भी नहीं हुई थीं कि तीसरे दिन यह दुखद घटना हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, परिजन अभी इस संबंध में कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। पड़ोसियों और परिचितों के अनुसार, रुद्र नाथ स्वभाव से बेहद सरल, मिलनसार और व्यावहारिक था। घटना से पादरी बाजार के व्यापारियों में भी शोक की लहर है। स्थानीय व्यापार मंडल ने मंगलवार को अपनी दुकानें बंद रखीं। वहीं मंगलवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार भी नहीं लगी। अभी युवक घर के सामने टेंट भी नहीं हटा था, वहीं शादी में मिले कुछ सामान भी बाहर ही पड़े हैं।

सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं। मामले की जांच की जा रही है।


**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम**

अधीक्षण अभियन्ता, न.वि.वि.मं.-द्वितीय, वाराणसी

सामान्य ई. निविदा सूचना 01/UEDC-II(V)/2026-27 दिनांक 28.04.2026

सर्किट हाउस में 25 वी.वी.आई.पी. विजिट हेतु 24 घंटे विद्युत आपूर्ति हेतु 250 केवीए का जनरेटर मय ऑपरेटर एवं डीजल उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क- रू. 3835.00, धरोहर धनराशि रू. 14000.00

ई.- निविदा की अंतिम तिथिः 21मई 2026, 17.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांकः- 1310/न.वि.वि.म.-द्वि.(वा.)/दिनांक-28-04.2026


## लाइफ मंत्र

### जानिए कन्नप्पा की अद्भुत भक्ति की कथा, जिसने भगवान शिव को दर्शन देने पर कर दिया था मजबूर



भगवान और भक्त से जुड़ी कई कहानियां हमें सुनने को मिलती है। किसी कहानी में भगवना भक्त की भक्ति के आगे झुक गए तो कहीं भक्त ने अपने प्रभु के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर कर दिया। लेकिन आज आपको एक ऐसी कथा के बारे में बताने हैं जिसे पढ़कर आप भी चौंक जाएंगे की कैसे एक भक्त ऐसा काम कर सकता है। हम बात कर रहे हैं भक्त कन्नप्पा की जिन्होंने अपनी अनन्य भक्ति से प्रभु को प्राप्त कर लिया। तो आइए जानते हैं शिव के प्रति कन्नप्पा की अद्भुत भक्ति के बारे में- पौराणिक कथा के अनुसार कन्नप्पा एक साधारण शिकारी थे, जिनका असली नाम थिन्नन था। एक बार वे अपने साथियों के साथ जंगल में शिकार करने गए, लेकिन शिकार के दौरान वे अपने साथियों से बिछड़ गए। भटकते-भटकते वे जंगल के एक ऐसे स्थान पर पहुंच गए, जहां एक प्राचीन शिव मंदिर स्थित था और उसके भीतर एक शिवलिंग विराजमान था। जैसे ही थिन्नन की नजर उस शिवलिंग पर पड़ी, उनके मन में अचानक एक गहरा आकर्षण जाग उठा। उन्होंने उसी क्षण भगवान शिव को अपना आराध्य मान लिया। थिन्नन को पूजा-पद्धति या नियमों का कोई ज्ञान नहीं था, लेकिन उनके मन में सच्ची श्रद्धा और प्रेम था। वे वही अर्पित करते थे, जो उनके पास सबसे प्रिय और श्रेष्ठ होता था। एक शिकारी होने के कारण वे भगवान शिव को मांस अर्पित करते और स्वयं भी वही ग्रहण करते थे। अभिषेक के लिए वे अपने मुंह में पानी भरकर लाते और उसी से शिवलिंग को स्नान कराते। जंगल से तोड़े गए फूल-पत्ते बिना साफ किए ही वे भोलेनाथ को चढ़ा देते थे। उसी मंदिर की देखरेख एक ब्राह्मण करता था, जो समय-समय पर वहां आता था। एक दिन जब वह मंदिर पहुंचा, तो उसने शिवलिंग के सामने मांस के टुकड़े पड़े देखे। उसने मंदिर की सफाई की और वापस चला गया। लेकिन जब यह घटना रोज होने लगी, तो ब्राह्मण को संदेह हुआ कि यह कार्य किसी मनुष्य का है। वह शिवलिंग के सामने बैठकर व्यथित होकर प्रार्थना करने लगा— 'हे प्रभु, आप तो समस्त संसार की रक्षा करते हैं, फिर अपने साथ ऐसा क्यों होने दे रहे हैं?' तभी भगवान शिव ने उसके मन में संदेश दिया— 'जिसे तुम अपवित्र समझ रहे हो, वह मेरे प्रिय भक्त का प्रेम है। उसे पूजा-विधि का ज्ञान नहीं, लेकिन उसका हृदय सच्ची भक्ति से भरा है। मैं उसकी भावना से बंधा हुआ हूं और वह जो भी अर्पित करता है, मैं उसे स्वीकार करता हूं।

यदि तुम उसकी भक्ति देखना चाहते हो, तो छिपकर देखो।' भगवान शिव के आदेश अनुसार ब्राह्मण छिप गया। थोड़ी देर बाद थिन्नन वहां पहुंचे। उन्होंने हमेशा की तरह अपने मुंह में भरा जल शिवलिंग पर अर्पित किया और मांस चढ़ाया। तभी उन्होंने देखा कि शिवलिंग की एक आंख से रक्त बहने लगा है। यह देखकर वे घबरा गए। उन्होंने तुरंत जंगल की जड़ी-बूटियां लगाईं, लेकिन रक्त बहना बंद नहीं हुआ। तब थिन्नन ने बिना एक पल सोचे अपना बाण निकाला और अपनी एक आंख निकालकर शिवलिंग की आंख पर लगा दी। आश्चर्य की बात यह थी कि रक्त बहना तुरंत रुक गया। लेकिन तभी शिवलिंग की दूसरी आंख से भी रक्त बहने लगा। अब थिन्नन ने अपनी दूसरी आंख भी अर्पित करने का निश्चय किया। लेकिन उन्हें एक चिंता हुई। 'यदि मैं दूसरी आंख भी निकाल दूंगा, तो मैं सही स्थान पर उसे कैसे लगा पाऊंगा?' तब उन्होंने एक अद्भुत उपाय किया।

उन्होंने अपने पैर को शिवलिंग पर उस स्थान पर रख दिया, ताकि आंख लगाने की सही जगह को पहचान सकें। जैसे ही वे अपनी दूसरी आंख निकालने वाले थे, उसी क्षण भगवान शिव स्वयं प्रकट हो गए। उन्होंने थिन्नन का हाथ पकड़ लिया और उन्हें दिव्य दृष्टि प्रदान की। भगवान शिव उनकी इस अनन्य भक्ति से अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्हें 'कन्नप्पा' नाम की उपाधि दी।

## Summer में दही खाते वक्त न करें ये Common Mistake, सेहत को होगा भारी नुकसान



गर्मियों में दही खाना पाचन और गट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार इसे गलत समय पर खाने से सेहत बिगड़ भी सकती है। जानिए दही खाने का सही तरीका और समय ताकि आपको सर्दी-खांसी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। गर्मियों के मौसम में दही का सेवन करना पाचन, हाइड्रेशन और गट हेल्थ के लिए काफी हेल्दी माना जाता है। क्योंकि दही में प्रचुर मात्रा में कैल्शियम, प्रोटीन और गुड बैक्टीरिया (प्रोबायोटिक्स) पाए जाते हैं, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत करते हैं और शरीर को भी ठंडक पहुंचाता है। भीषण गर्मी में दही का सेवन करने से बॉडी का तापमान संतुलित रहता है और डिहाइड्रेशन से बचाव होता है। समर सीजन में दही खाना आमतौर पर काफी फायदेमंद माना जाता है, हालांकि यह जब भी अच्छा माना जाता है जब आप इसे सही तरीके और समय पर खाना पसंद करें। गर्मियों में दही खाया तो सेहत अच्छी बनेंगी या बिगड़ेगी, यह आपको बताते हैं।

**गर्मियों में दही खाने के फायदे**

दही खाने से पेट हल्का और सुपाच्य होता है, इसलिए यह एसिडिटी, कब्ज और अपच जैसी समस्याओं में राहत देता है। जब आप लस्सी, छाछ या रायता के रुप में दही का सेवन करते हैं, तो ज्यादा फायदे मिलते हैं, क्योंकि ये शरीर को हाइड्रेट करता है और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाता है। गौरतलब है कि प्रोबायोटिक्स आंतों के गुड बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं, जिससे इम्यून सिस्टम भी मजबूत रहता है। गट हेल्थ के लिए दही का सेवन करना अच्छा माना जाता है। क्योंकि इसमें प्रोबायोटिक्स आंतों के माइक्रोबायोम को संतुलित रखते हैं, जिससे पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है और शरीर पोषक तत्वों को प्रभावी तरीके से अवशोषित करता है। प्रतिदिन दही का सेवन करने से गैस, ब्लोटिंग और इर्रिटेबल बॉवेल जैसी समस्याओं में राहत दिलाता है। इसके साथ ही हेल्थ पाचन तंत्र मानसिक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जो कि ऊर्जा और मूड बेहतर रहता है।

**गर्मियों में दही खाने का सही तरीका**

- रात के समय दही खाने से आप बीमार हो सकते हैं या फिर सर्दी-खांसी, गले में खराश, और कफ की समस्या हो सकती है। सबसे बेहतर है कि आप दिन में दही का सेवन करें।
- इस बात का ध्यान रखें कि बहुत ही ज्यादा खट्टा या बासी दही खाने से बचना चाहिए, क्योंकि यह पेट में गैस, जलन या इंफेक्शन का कारण बन सकता है।
- जिन लोगों के लैक्टोज इंटॉलरेंस, एलर्जी या बार-बार सर्दी-जुकाम की समस्या होती है, उन्हें दही को सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए।
- हमेशा दही को ताजा ही खाएं और लंबे समय से बाहर रखा हुआ दही का सेवन बिल्कुल भी न करें, क्योंकि गर्मी में यह जल्दी खराब होता है। गौरतलब है कि गर्मी में दही खाना काफी सुरक्षित है लेकिन इसको हमेशा सही मात्रा में ही सेवन करें, तो यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद मानी जाएगी और आपको गर्मी से राहत मिलेगी। इसके साथ ही आपका गट हेल्थ भी स्ट्रांग बना रहेगा।



## जानलेवा Heatwave का Red Alert! 45 डिग्री पारे में लू से बचें, फॉलो करें ये Health Tips

**भीषण गर्मी में ऑफिस डेस्क पर तुरंत ठंडक पाने के लिए पोर्टेबल रिचार्जेबल फैन एक बेहतरीन विकल्प है, जो 1000 रुपये से कम में आता है और एसी की हवा को सीधे आप तक पहुंचाता है।**


देश में पारा 45 डिग्री के पार पहुंचने से हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है; इससे बचने के लिए पर्याप्त पानी पिएं, दोपहर में बाहर निकलने से बचें और चक्कर या सिरदर्द जैसे लक्षणों पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

इस समय गर्मी बढ़ती है जा रही है। तापमान का पारा हाई होता जा रहा है। कई जगहों पर इस समय 45 डिग्री तक तापमान पहुंच गया है। असल में भारत मौसम विभाग ने भी चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में तापमान और अधिक बढ़ जाएगा। इस दौरान अपनी सेहत का ख्याल रखना भी जरुरी है। भीषण गर्मी में खुद को सुरक्षित रखने के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं है। वैसे मानव शरीर का औसत तापमान 36.9 डिग्री माना जाता है, लेकिन जब आसपास तापमान बढ़ने लगा है, तो हमारा शरीर हीट अब्जॉर्ब करना शुरु कर देता है और जिस वजह से सेहत बिगड़ने लगती है। इसे बैलेंस करने के लिए शरीर भी कुछ प्रतिक्रिया देता है और पसीना ज्यादा आता है। आइए आपको बताते हैं कैसे गर्मी में खुद का बचाव करें।

**बढ़ते तापमान के बीच खुद को सुरक्षित कैसे रखें?**

- प्रतिदिन 3-4 लीटर पानी जरुर पिएं, जिससे शरीर हाइड्रेट रहें। इस मौसम में एल्कोहल का सेवन करने से बिल्कुल बचें और कैफीन जैसै कि चाय-कॉफी भी कम से कम लें।
- बाहर निकलते वक्त टोपी और सनग्लासेस जरुर पहनें और कॉटन के ढीले कपड़े पहनें। दोपहर 11 से 4 के बीच बाहर कम ही निकलें। सुबह या शाम को ही बाहर जाएं।
- यदि आपको उल्टी आना, चक्कर आना, हार्टबीट बढ़ना, सोचने-समझने में मुश्किल होना या सिर में तेज दर्द जैसे संकेत नजर आएं, तो तुरंत धूप से किसी ठंडी जगह पर जाएं। इसके बाद कपड़े हल्का गीला कर लें और इलेक्ट्रोलाइट को पानी में मिला लो और फिर इसको पी ले।
- गर्मियों में लू से बच्चों और बुजुर्गों को बचना जरुरी है। भीषण गर्मी में इनका ख्याल रखना बेहद जरुरी है। वहीं, जिन लोगों को दिल की बीमारी या डायबिटीज है, उन्हें भी इस वक्त पर अपना खास ख्याल रखना चाहिए।
- अपनी डाइट में खीरा तरबूज और संतरे को जरुर शामिल करें। इनमें अधिक मात्रा में पानी पाया जाता है। घर को हमेशा एसी या पंखा से ठंडा रखें। इस समय पर किसी को भी पार्क की हुई गाड़ी में बिल्कुल न छोड़ें।
- अगर आपको लू लगने के जरा से भी संकेत दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।
- इस दौरान ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, जिससे आपकी सेहत अच्छी रहेगी। ऐसे में खुद को डिहाइड्रेट न रखें।
- यदि आपका मुंह अधिक सूख रहा है, गहरे पीले रंग का यूरिन आ रहा है, मांसपेशियों में दर्द रहता है या कमजोरी महसूस होती है, तो इन चीजों पर ध्यान जरुर दें।

## Vitamin D की कमी कर सकती है आपकी Gut Health बर्बाद, पेट की सूजन और दर्द को न करें Ignore



विशेषज्ञों के अनुसार, विटामिन-डी की कमी आंतों में सूजन और दर्द जैसी समस्याओं का कारण बन सकती है क्योंकि यह इम्यून सिस्टम को नियंत्रित कर गट लाइनिंग को मजबूत बनाता है। यह पोषक तत्व शरीर में बेहतर अवशोषण और एनर्जी लेवल को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आंतों से संबंधित समस्याएं आजकल काफी बढ़ रही है। खासकर के सूजन, पेट दर्द, बार-बार दस्त, ऐंठन और कमजोरी जैसी परेशनियां शामिल है। इस तरह की दिक्कत लोगों में लंबी बनीं रहती है, यह हमारे इम्यूनिटी और एनर्जी लेवल को भी कमजोर करता है। ऐसे में शरीर को सही न्यूट्रिशन मिलना काफी जरुरी होता है, खासतौर पर Vitamin D, जो आंतों की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है।

आइए आपको बताते हैं Vitamin D आंतों के लिए क्यों जरुरी है और यह किस तरह से आपकी गट हेल्थ को बेहतर बनाता है।

**Vitamin D इम्यून सिस्टम को बनाता है मजबूती**

लोग मानते हैं कि विटामिन-D सिर्फ हड्डियों के लिए जरुरी होता है, जबकि आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए बेहद जरुरी पोषक तत्व है। आंतों में रोग होने से शरीर का इम्यून सिस्टम आंतों की परत पर गलत तरीके से हमला करने लगता है, जिससे सूजन और डैमेज बढ़ता है। Vitamin D इस इम्यून रिस्पॉन्स को बैलेंस करता है और सूजन को भी कम करता है।

**गट हेल्थ के लिए Vitamin D फायदेमंद**

विटामिन-D आंतों की अंदरूनी दीवार (गट लाइनिंग) को मजबूत बनाता है, जिसके पोषक तत्वों का अवशोषण बेहतर होता है। इसी से शरीर को जरुरी विटामिन और मिनरल्स मिलते हैं, जो रिकवरी और एनर्जी के लिए जरुरी होते हैं। कई रिसर्च में यह भी पाया गया है कि जिन लोगों में Vitamin D की कमी पाई जाती है, उन लोगों को आंतों के रोगों के लक्षण देखने को मिलते हैं और रिकवरी में भी टाइम लगता है।

**Vitamin D के स्त्रोत**

विटामिन-D का सबसे अच्छा स्त्रोत धूप मानी जाती है। 15-20 मिनट हल्की धूप में बैठना शरीर के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। इसके अलावा, दूध, अंडे, मशरूम और मछली जैसे फूड्स में भी विटामिन-D पाई जाती है। अगर आपके शरीर में विटामिन-D की कमी हुई तो आपको इसके लिए सप्लीमेंट लेना पड़ सकता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह
M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170


कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

